# अशासकीय महाविद्यालय प्राचार्य संघ

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

दिनांक–12 / 06 / 2025

प्रति,

माननीय कुलपति महोदय,
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,
रायपुर (छ.ग.)

विषयः– ऑनलाईन प्रवेश पोर्टल में प्रदर्शित ऑटोनॉमस कॉलेज की जानकारी पृथक प्रदर्शित करने बावत्।

महोदय,

विषयांतर्गत लेख है कि पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षार्थियों के प्रवेश हेतु पंजीयन के लिए ऑनलाईन प्रवेश पोर्टल प्रारंभ किया गया है। जिसमें प्रथम पेज में रायपुर शहर के तीन ऑटोनॉमस कॉलेजों का नाम प्रदर्शित हो रहा है। इससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह पोर्टल केवल ऑटोनॉमस कॉलेज के लिए है। **विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल से अलग होने का जब निर्णय लिया गया है तो इसे विश्वविद्यालय के ऑनलाईन प्रवेश पोर्टल में क्यों प्रदर्शित किया जा रहा है ?** जबकि अन्य किसी भी विश्वविद्यालय के ऑनलाईन प्रवेश पोर्टल में इस प्रकार की कोई लिंक नहीं है। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से संबद्ध शासकीय विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग लगभग 12 वर्षों से ऑटोनॉमस कॉलेज होने के बाद भी विश्वविद्यालय के पोर्टल में उनका कोई लिंक नहीं है। विश्वविद्यालय द्वारा लिए गए निर्णय से निश्चित ही विश्वविद्यालय की अध्ययनशालाओं सहित विश्वविद्यालय से संबद्ध अन्य शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय में भी प्रवेश प्रभावित होगा। ऑनलाईन प्रवेश पोर्टल को देखकर विद्यार्थी भी भ्रमित हो रहे हैं कि क्या यह केवल ऑटोनॉमस कॉलेज का पोर्टल है ? एवं विश्वविद्यालय का ऑनलाईन प्रवेश पोर्टल कठीन व असहज लग रहा है। इस संदर्भ में कुलसचिव महोदय से टेलिफोनिक चर्चा में सुझाव दिया था कि वर्तमान में प्रदर्शित ऑटोनॉमस कॉलेजों के नाम के स्थान पर केवल उनका लिंक प्रदर्शित किया जाए।

अतः आपसे विनम्र आग्रह है कि यदि विश्वविद्यालय के ऑनलाईन प्रवेश पोर्टल में संशोधन कर यदि अनिवार्यता हो तो ऑटोनॉमस कॉलेजों के केवल लिंक को प्रदर्शित किया जाए। जिससे अन्य महाविद्यालयों के साथ न्याय हो सके।

धन्यवाद।

12.06.25

सचिव,
अशासकीय महाविद्यालय प्राचार्य संघ